पाठ्यक्रम (2021-22)
विषय :संस्कत
कक्षा : आठवीं

समय : 3 घण्टे

कुल अंक : 90
सी. सी. ई : 10

भाग = क

(पाठ्य पुस्तक से)

1 तीन गद्यांश दिए जाएं जिनमें से दो का अनुवाद हिन्दी या पंजाबी में करने को कहा जाए ।

2 तीन पद्य दिए जाएं जिनमें से दो का अर्थ हिन्दी या पंजाबी में लिखने को कहा जाए।

3 पाठों के अभ्यासों में से आठ प्रश्न हिन्दी में पूछे जाएं , जिनमें से पाँच का उत्तर हिन्दी में लिखने को कहा जाए ।

4 मिलान के लिए सूक्तय भाग से पाँच वाक्य दिए जाएगें ।सही वाक्यों का मिलान करने के लिए कहा जाएगा ।

5 पाठों के अभ्यासों में से सात संस्कृत शब्द दिए जाएं जिनमें से पाँच शब्दों का हिन्दी में अर्थ लिखने को कहा जाए ।

अथवा

पाठ्य पुस्तक में से नैतिक शिक्षाप्रद दो कहानियां देकर किसी एक कहानी का सार हिंदी में लिखने को कहा जाए ।

6 पुस्तक के अभ्यासों में से रिक्त – स्थानों की पूर्ति सम्बन्धित सात प्रश्न पूछे जाएं जिनमें से पाँच उचित शब्द चुनकर रिक्त – स्थानों की पूर्ति करने को कहा जाए।

भाग=ख

(व्याकरण भाग)

7 **(क)** पाठ्यक्रम में दिए गये शब्द रूपों में चार शब्द रूप देकर दो शब्द रूपों को सभी विभक्तियों में लिखने को कहा जाए ।

(ख) पाठ्यक्रम में दिए गये धातु रूपों में से सात धातुओं के रूप किसी भी लकार के तीनों पुरुषों के तीनों वचनों में पूछे जाएं जिनमें से केवल पाँच धातुओं के रूप लिखने हो।

(ग) पाठ्यक्रम में दिए गये संख्यवाची शब्दों में से सात शब्द देकर पाँच को संस्कृत में लिखने के लिए कहा जाए । (केवल प्रथमा विभक्ति)

8 **(क)** पाठ्य पुस्तक में आए अव्ययों में से सात अव्यय देकर पाँच को वाक्यों में प्रयोग करने के लिए कहा जाए ।

(ख) पाठ्यक्रम में दी गई सन्धियों में से सात शब्द सन्धि / सन्धि विच्छेद के लिए दिये जाऐं जिनमें से किन्हीं पाँच शब्दों के उत्तर लिखने को कहा जाए।(केवल यण् और अयादि सन्धि से)

(ग) निर्धारित धातुओं के साथ क्त्वा प्रत्यय लगाने के लिए सात धातुएं दी जाएं, जिनमे से पाँच धातुओं के साथ क्त्वा प्रत्यय लगाने को कहा जाए ।

(घ) पाठ्य पुस्तक में आए स्त्री प्रत्यय में से सात प्रत्यय देकर पाँच को स्त्री प्रत्यय में प्रयोग करने के लिए कहा जाए। (केवल आ और ई का प्रयोग)

9 पुस्तक के अभ्यासों में से सरल हिन्दी के 8 वाक्य दिए जाएं जिनमें से पाँच वाक्यों का संस्कृत में अनुवाद करने को कहा जाए ।